### ऑनलाइन हाजिरी, शिकायतों के बाद भी पर्याप्त कार्रवाई का अभाव, विकासखंड मोहखेड़ का मामला

# स्कूल से छात्र और शिक्षक दोनों ही नदारद, जिम्मेदार मौन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा







मध्यप्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और अटैचमेंट जैसी व्यवस्था पर रोक लगाने के लगातार निर्देश दे रही है। इसके बावजूद छिंदवाड़ा जिले के मोहखेड़ विकासखंड में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली शासन के आदेशों को खुली चुनौती देती नजर आ रही है।

भुताई ग्राम पंचायत अंतर्गत प्राथमिक शाला सड़कढाना इसका ताजा उदाहरण बनकर सामने आई है, जहां स्कूल में नाममात्र का एक छात्र है, जबकि दो शिक्षकों की पदस्थापना है। ग्रामीणों का आरोप है कि एक शिक्षक को दूसरे स्थान पर अटैच कर दिया गया है और दूसरा शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कर विद्यालय से नदारद रहता है।

हैरानी की बात यह है कि जिस विद्यालय में बच्चों की संख्या नगण्य है, वहां वर्षों से व्यवस्था जस की तस बनी हुई है। दूसरी ओर जिले के कई सरकारी स्कूल ऐसे हैं जहां शिक्षकों की भारी कमी के कारण अतिथि शिक्षकों के भरोसे पढ़ाई कराई जा रही है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब सरकार अटैचमेंट समाप्त करने और सभी शिक्षकों को मूल पदस्थापना स्थल पर शिक्षण कार्य कराने के निर्देश दे चुकी है, तब भी मोहखेड़ में यह व्यवस्था आखिर किसके संरक्षण में चल रही है?

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल की स्थिति को लेकर जनपद पंचायत, बीआरसी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को कई बार मौखिक शिकायत की जा चुकी है, लेकिन किसी ने मौके पर पहुंचकर वास्तविकता जानने की जरूरत तक नहीं समझी। इससे यह संदेह और गहरा हो जाता है कि कहीं विभागीय अधिकारियों की उदासीनता या मिलीभगत के कारण ही यह पूरा खेल तो नहीं चल रहा। मामले में जनशिक्षक अनिल मस्तकार ने बताया कि वे डाइट छिंदवाड़ा में पांच दिवसीय प्रशिक्षण में हैं। वहीं संकुल प्रभारी कामठी ने कहा कि संबंधित शिक्षक बीआरसी कार्यालय मोहखेड़ किसी शासकीय कार्य से गए हैं। हालांकि ग्रामीण इन दावों से संतुष्ट नहीं हैं और नियमित जांच की मांग कर रहे हैं।

#### नहीं हो रहा नियमित निरीक्षण, खबरों के बाद होगी कार्यवाही...!

प्रभारी जनपद शिक्षा अधिकारी खापरे ने कहा है कि वे स्वयं विद्यालय का निरीक्षण करेंगे और आवश्यकता पड़ने पर शिक्षक को अन्यत्र अटैच करने अथवा नियमानुसार कार्रवाई करेंगे। हालांकि बड़ा सवाल यह है कि जब शिकायतें पहले से मौजूद थीं तो जांच और कार्रवाई अब तक क्यों नहीं हुई?दरअसल, समस्या केवल एक शिक्षक की अनुपस्थिति या एक विद्यालय तक सीमित नहीं है। यदि अधिकारी समय-समय पर स्कूलों का निरीक्षण करें और लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के साथ-साथ निगरानी की जिम्मेदारी निभाने वाले अधिकारियों पर भी जवाबदेही तय करें, तो ऐसी नौबत ही नहीं आए। अक्सर देखा जाता है कि किसी समाचार के प्रकाशित होने या मामला सार्वजनिक होने के बाद ही विभाग दिखावटी कार्रवाई करता है, जबकि नियमित निगरानी और जवाबदेही से ऐसी स्थितियों को पहले ही रोका जा सकता है।यदि वास्तव में शिक्षा व्यवस्था को सुधारना है तो केवल आदेश जारी करना पर्याप्त नहीं होगा। अटैचमेंट की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त कर प्रत्येक शिक्षक को उसके मूल विद्यालय में शिक्षण कार्य कराना होगा। साथ ही, लापरवाही बरतने वाले शिक्षकों के साथ-साथ संबंधित जनशिक्षक, संकुल प्रभारी, बीआरसी और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही भी तय करनी होगी। जब तक जिम्मेदार अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक शिक्षा व्यवस्था में सुधार के सरकारी दावे कागजों तक ही सीमित रहेंगे। आखिरकार, सबसे बड़ा नुकसान उन ग्रामीण बच्चों का हो रहा है, जिनके भविष्य की जिम्मेदारी इसी व्यवस्था के कंधों पर है।

### कलेक्टर ने की जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा

## एएनसी रजिस्ट्रेशन की कम प्रगति पर कलेक्टर नाराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग व महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री नारायन ने एएनसी रजिस्ट्रेशन की कम प्रगति पर नाराजगी जताते हुए महिला एवं बाल विकास अधिकारियों तथा बीएमओ को एएनसी पंजीयन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक माह डीसीएम एवं आशा कार्यकर्ताओं की नौ बैठकें आयोजित करने, मॉडरेट एवं सीवियर एनीमिया की पहचान बढ़ाने तथा टीकाकरण सत्र समय पर संचालित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने एनआरसी में साफ-सफाई, बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार एवं अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए एचबीएनसी कार्य एवं उनके फोटोग्राफ्स का डेटाबेस बीसीएम स्तर पर संधारित करने को कहा। बैठक में एनसीडी कार्यक्रम की कम प्रगति पर चिंता व्यक्त करते हुए अगले माह तक इसमें उल्लेखनीय सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

### खबर संक्षेप

#### अब सरकारी स्कूलों के भी बच्चे डॉक्टर और इंजीनियर बन रहेः सांसद

**छिंदवाड़ा**।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में 12 वर्षों के कार्यकाल में मेडिकल कॉलेज की संख्या दोगुनी की गई है, हायर एजुकेशन की संख्या भी बढ़ाई जा रही है,केंद्रीय विद्यालय की संख्या भी बढ़ी है, बच्चों के भविष्य के लिए केंद्र सरकार द्वारा बड़े कदम उठाए जा रहा है। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने मोहननगर में गायत्री शक्ति केन्द्र में आयोजित सांसद निःशुल्क कोचिंग के अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान सांसद ने सांसद निःशुल्क कोचिंग में पढने वाले बच्चों से पढाई को लेकर चर्चा भी की। उल्लेखनीय है कि मोहननगर में स्थित गायत्री शक्ति केन्द्र में सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है। जिसमें अब तक 1180 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है और वे कोचिंग का लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल में देश में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है, अब सरकारी स्कूल के बच्चे भी डॉक्टर और इंजीनियर बन रहे हैं। सरकारी स्कूलों के 44 बच्चे अब डॉक्टर और 50 बच्चे इंजीनियर भी बनेंगे हैं। उन्होंने निःशुल्क कोचिंग में पढ रहे बच्चों से आह्वान किया कि वह भी पढ़ाई अच्छी मेहनत कर आगे बढ़ें। सांसद ने कहा कि मेरी इच्छा है कि यह पढने वाले बच्चे डॉक्टर व इंजीनियर बनकर जिले के लिए रोल मॉडल बने। मै सभी बच्चों के उच्वल भविष्य के लिए शुभकामना देता हूं।

#### आयोजित युवा चेतना शिविर के समापन समारोह में शामिल हुए सांसद

**छिंदवाड़ा**। गायत्री परिवार द्वारा युवा चेतना शिविरों का कार्यक्रम सराहनीय पहल है, मुझे खुशी है कि गायत्री परिवार के द्वारा यह अभियान पूरे देश भर में चलाया जा रहा है और मैं गायत्री परिवार को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इस अभियान में जहां भी मेरी आवश्यकता हो मैं आपके साथ हूं। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने सिंधु भवन मोहननगर में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित युवा चेतना शिविर के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि हम सब का सपना है की भारत विश्व गुरु बने, भारत माता परम वैभव में विराजे और भारत की जो आध्यात्मिक शक्ति है उसको पूरी दुनिया पूजे। लंबे वर्षों से गुलामी के बाद अब ऐसा अवसर आया है कि भारत आगे बढ़ रहा है। हमारी भारतीय संस्कृति परंपरा, ध्यान और योग को पूरी दुनिया अपना रही है। और भारत की पहचान और उसकी शक्ति दुनिया देख रही है। सांसद ने कहा कि लंबे वर्षों के बाद हमारे अध्यात्मिक केंद्रों का पुनर्निमाण हो रहा है। समस्याओं का हल निकाल कर मंदिरों का निर्माण हो रहा है ।

#### कारगिल विजय दिवस पर सैनिकों को किया नमन

**छिंदवाड़ा**। ऑपरेशन सिंदूर में हमारी सेना ने पाकिस्तान में अंदर घुसकर आतंकियों को मारने का काम किया है, हमारे सैनिक अपने परिवार से दूर रहकर भी हमारी चिंता करते हैं और देश की रक्षा करते हैं ऐसे सैनिक भाइयों को मैं नमन करता हूं। यह बात सांसद बंटी विवेक साहू ने कारगिल विजय दिवस पर सैनिकों की याद में पूजा लॉन में आयोजित कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर सांसद ने भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के सदस्यों का सम्मान भी किया। उन्होंने कहा कि रिटायर होने के बाद भी हमारे भूतपूर्व सैनिक देश हित का काम कर रहे हैं, जो रिटायर हुए हैं वह देश सेवा के काम में लगे हुए हैं, आंगनबाड़ियों में जाकर बच्चों की सेवा करना, अस्पतालों में जाकर मरीजों की सेवा करना यह भूतपूर्व सैनिकों द्वारा कार्य किया जा रहा है और उनकी यही सच्ची देशभक्ति है। सांसद ने कहा कि आज हमारे देश की सेना दुनिया में पराक्रम फहराने का काम कर रही है,अपने को आधुनिक हथियार से मजबूत कर रही है। सेना ने किस तरीके से पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है यह सब आपके सामने है।

#### 1500 किलो महुआ लाहन नष्ट, 3 प्रकरण पंजीबद्ध

**पांढुर्णा**। कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शनिवार को आबकारी वृत सौंसर की टीम ने ग्राम मेहराखापा, चिरकुटा गोंदी एवं सावजपानी में अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान नालों, जंगल में झाड़ियों के समीप तथा डैम किनारे हाथ भट्टी महुआ शराब निर्माण के लिए पन्नियों एवं ड्रमों में एकत्रित लगभग 1500 किलोग्राम महुआ लाहन को मौके पर ही नष्ट किया गया। साथ ही 30 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब जप्त की गई। इस कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)(क) एवं 34(1)(च) के अंतर्गत कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।

# सफल 44 विद्यार्थियों का सांसद ने किया सम्मान

### नीट मेडिकल परीक्षा-2026 में सफल विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 44 विद्यार्थियों द्वारा नीट मेडिकल परीक्षा 2026 में सफलता प्राप्त करने पर उनका सम्मान समारोह शनिवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद श्री विवेक बंटी साहू, नगर निगम महापौर श्री विक्रम अहके, विभिन्न मंडल अध्यक्ष, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जे.के. इड़पाचे, सहायक संचालक श्री डी.पी. डेहरिया, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री आर.के. साहू तथा पूर्व प्राचार्य श्री ए. काले की गरिमामयी उपस्थिति में सफल विद्यार्थियों एवं उनके पालकों का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह जिले के लिए गौरव का क्षण है। शासकीय विद्यालयों में अध्ययन कर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा के बल पर यह सफलता अर्जित कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को निरंतरता बनाए रखने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा और आगामी वर्षों में और बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

नगर निगम महापौर श्री अहके ने विद्यार्थियों को मेडिकल शिक्षा प्राप्त कर डॉक्टर बनकर मानव सेवा करने का संदेश दिया। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी श्री इड़पाचे ने आगामी वर्षों में और अधिक सुव्यवस्थित योजना बनाकर नीट परीक्षा में सफलता का प्रतिशत बढ़ाने का विश्वास व्यक्त किया।

### जिले में अभी तक 413.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा**। जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 413.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 515.5 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 25 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 7.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 25 जुलाई 2026 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान जिले की तहसील छिंदवाड़ा में 10.4, अमरवाड़ा में 4.2, चौरई में 04, परासिया में 18.2, जुन्नारदेव में 17.8, चांद में 0.4 और उमरेठ में 27.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 272, मोहखेड़ में 341.1, तामिया में 374, अमरवाड़ा में 434.2, चौरई में 530.2, हर्रई में 369.3, बिछुआ 371.1, परासिया में 297, जुन्नारदेव में 388, चांद में 557.9 और उमरेठ में 463.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### जामसांवली में गुरु पूर्णिमा की प्रशासनिक तैयारियां तेजः श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोपरि



**सौंसर**। गुरु पूर्णिमा पर्व के सफल और सुव्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन और अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर संबंधित विभागों को सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं का प्रवेश वीआईपी रोड से और निकास हनुमान लोक मार्ग से किया जाए, जिससे भीड़ नियंत्रण और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे। पुलिस प्रशासन को संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त बल तैनात करने और निरंतर गश्त के निर्देश दिए गए हैं। नगर पालिका को 28 जुलाई की सुबह से विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत कर्मचारियों की आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी लगाई जाएगी। साथ ही, श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पेयजल, अस्थायी शौचालय, कचरा संग्रहण वाहन और निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।आयोजन स्थल पर 28 जुलाई की रात से शुरू होकर 29 जुलाई तक निरंतर भंडारा चलेगा। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम, एम्बुलेंस और आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं के साथ मुस्तैद रहने को कहा गया है।इस महत्वपूर्ण बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रकाश चंद्र परिहार, अपर कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनकामना प्रसाद, हनुमान लोक समिति के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, संदीप मोहोड़ सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी और समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### आदिवासी छात्रावास की छात्राओं को मिला छाता, खिल उठे चेहरे



**चौरई**। वर्षा ऋतु में छात्रावास की छात्राओं को होने वाली परेशानियों को देखते हुए चौरई के न्यायधीश श्री धर्मेंद्र खंडायत एवं श्रीमती खंडायत ने सराहनीय पहल करते हुए आदिवासी छात्रावास की छात्राओं को छातों का वितरण किया। छाते मिलते ही बच्चियों के चेहरों पर मुस्कान खिल उठी और उन्होंने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर न्यायाधीश श्री धर्मेंद्र खंडायत ने बताया कि बारिश के दौरान उन्होंने कई छात्राओं को भीगते हुए स्कूल जाते देखा। यह दृश्य उनके मन को छू गया और उन्होंने निश्चय किया कि छात्राओं को वर्षा से बचाने के लिए उन्हें छाते उपलब्ध कराए जाएं। इसी भावना के साथ यह वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।उन्होंने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को जरूरतमंद बच्चों की छोटी-छोटी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आगे आना चाहिए। छात्र जीवन में मिलने वाली ऐसी छोटी-छोटी सुविधाएं बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाती हैं और उनकी शिक्षा को निरंतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यही बच्चे भविष्य में समाज और देश का नाम रोशन करेंगे।बारिश के मौसम में छाते मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, वे भीगने से बच सकेंगी तथा नियमित रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी।

### शोकाकुल परिवारों से की सांसद विवेक 'बंटी' साहू ने सौजन्य भेंट



**सौंसर**। सांसद विवेक 'बंटी' साहू ने सौंसर प्रवास के दौरान भाजपा कार्यकर्ता नंदकिशोर वरोकार और सामाजिक कार्यकर्ता सुनील बोबड़े के निवास पहुंचकर उनसे सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दोनों परिवारों के दिवंगत सदस्यों स्वर्गीय वरोकार गुरुजी और स्वर्गीय शंकर बोबड़े गुरुजी के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया।सांसद श्री साहू ने दिवंगत गुरुजनों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका पूरा जीवन शिक्षा और समाज सेवा को समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि इन गुरुजनों के मार्गदर्शन में शिक्षा ग्रहण करने वाले कई छात्र आज देश और प्रदेश के विभिन्न उच्च पदों पर अपनी सेवाएं देकर सौंसर विधानसभा और पांढुर्णा जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। ऐसे शिक्षकों का प्रभाव समाज पर हमेशा अमिट रहता है। मुलाकात के दौरान समसामयिक विषयों पर चर्चा करते हुए सांसद साहू ने स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा से प्रतिभाशाली और मेधावी युवाओं को पारदर्शी प्रतियोगी परीक्षाओं के जरिए आगे बढ़ाने के पक्ष में रही है।

### 1000 सीड बॉल्स का किया गया प्रक्षेपण

**छिन्दवाड़ा**। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित 'स्वैच्छिकता पर्व' के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनोखी पहल की गई। जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के निर्देशानुसार एवं परामर्शदाता श्री विनोद तिवारी के सहयोग से वार्ड क्रमांक 7 प्रेरणा नगर विकास प्रस्फुटन समिति तथा नगर निगम की सहयोगी संस्था मॉडल फ्यूचर संस्था ने प्रदूषण बोर्ड के साथ मिलकर वार्ड क्रमांक-10 स्थित धरमटेकरी में 1,000 सीड बॉल्स का प्रक्षेपण एवं बीजारोपण किया।

## देवशयनी आषाढ़ी एकादशी पर सौंसर क्षेत्र में गूंजा 'जय हरी विट्ठल'

### मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, महाप्रसाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर



भारतीय संस्कृति के पावन पर्व देवशयनी आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर शनिवार को सौंसर नगर सहित ग्रामीण अंचल के विभिन्न धार्मिक स्थलों पर श्रद्धा और उल्लास का माहौल रहा। इस दौरान विठ्ठल-रुक्मिणी मंदिरों में विशेष अनुष्ठान, अभिषेक, भजन-कीर्तन और महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने भगवान के दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। नगर के प्रसिद्ध श्री विठ्ठल मंदिर देवस्थान में आषाढ़ी एकादशी के उपलक्ष्य में शुक्रवार और शनिवार को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा, भाजपा नेता इंदरचंद डागा और मारुति लोणारे द्वारा श्रीमूर्ति के विधिवत दर्शन एवं अभिषेक के साथ की गई।

मंदिर देवस्थान समिति के अध्यक्ष सोनबा झाड़े ने बताया कि शनिवार को प्रातः 6 बजे भगवान विठ्ठल-रुक्मिणी का विशेष पूजन और अभिषेक किया गया, जिसके बाद दिनभर दर्शन का सिलसिला चलता रहा। आयोजन के दौरान कन्या संस्कार केंद्र की संचालिका श्रीमती रेखा, श्रीमती मृणालिनी कंटक एवं उनकी टीम द्वारा सुंदर भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए गए। वहीं, संत गाडगे महाराज भजन मंडल और संगीत सदन, सौंसर के कलाकारों द्वारा कर्णप्रिय अभंगवाणी का गायन कर समां बांध दिया गया। भाजपा नेता मारोती लोणारे परिवार के सहयोग से स्वर्गीय गोलू लोणारे की स्मृति में लगभग 3 क्विंटल महाप्रसाद का वितरण किया गया।

### कोई भी परेशानी का जवाब हमारे धर्म और संस्कृति में छुपाः सांसद



**छिंदवाड़ा**। आज हमारी युवा पीढ़ी धर्म और हमारी संस्कृति से भटक रही है, हम उन्हें धर्म से नहीं जोड़ पा रहे हैं। दुनिया में यदि कोई परेशानी का जवाब है तो हमारे धर्म और संस्कृति में छुपा है, जब हम अपने धार्मिक ग्रंथों को पढ़ते हैं तो हमें उसकी कठिनाई से निपटने का समाधान मिलता है। विदित हो कि सांसद बंटी विवेक साहू दिन्डी यात्रा व संत मिलन कार्यक्रम में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर सांसद श्री साहू ने कहा कि आज हमारी पीढ़ी,बच्चों को धर्म और संस्कृति से जोड़ने की आवश्यकता है। दिन्डी यात्रा और संत मिलन का कार्यक्रम सराहनीय है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा में कई धार्मिक कार्यक्रम होते हैं लेकिन सबसे अधिक धार्मिक कार्यक्रमों के लिए बड़बन क्षेत्र पहचाना जाता है। यहां पर आनंद बक्षी और उनके साथी लगातार धार्मिक कार्यक्रम करते हैं और साल भर में कोई न कोई कार्यक्रम होते रहते हैं। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, महापौर विक्रम अहके,पूर्व महापौर कांता योगेश सदारंग आदि मौजूद रहे।

### कमलनाथ-नकुलनाथ ने फोन पर दी बधाई, युवाओं ने लिया सुंदर गायकी का आनंद

# जन्मदिन पर विनोद का स्वागत, देर रात तक गूंजती रही शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा



जिला युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष तथा वर्तमान में जिला यदुवंशी समाज के अध्यक्ष विनोद यदुवंशी का जन्मदिन इस बार केवल निजी आयोजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे शहर में सामाजिक और राजनीतिक सहभागिता का केंद्र बन गया। शुक्रवार को सुबह से देर रात तक शहर के विभिन्न हिस्सों में उनका स्वागत, केक कटिंग, धार्मिक आयोजन और भजन संध्या का सिलसिला चलता रहा।

खास बात यह रही कि कार्यक्रमों में युवाओं की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। जन्मदिन की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई, जहां जिला यदुवंशी गौली समाज के पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने उनका सम्मान किया और केक काटकर शुभकामनाएं दीं। इसके बाद वे जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, जहां पीसीसी उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, मनीष पांडे, रिंकू नैय्यर, सचिन वानखेड़े, एकलव्य यहके, पिंचू बैस सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन मनाया।

इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और पूर्व सांसद नकुलनाथ ने भी फोन पर विनोद यदुवंशी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। दिनभर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग संगठनों और समर्थकों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए। बरारीपुरा स्थित मां बगलामुखी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के बाद बस स्टैंड स्थित इंडियन क्लब, लालबाग में पार्षद आकाश मोखलगाय के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया।

बरारीपुरा में राहुल मालवीय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में युवाओं का उत्साह देखने लायक था। वहीं परासिया रोड पर एकलव्य यहके के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पाठाढाना में वीर उईके, गुलाबरा में यूनुस खान, नागपुर नाका में विकास यदुवंशी तथा बगलामुखी माता मंदिर परिसर में पार्षद हर्षा अंबर दाढ़े, शुभम चौरे और निक्की गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने केक काटकर शुभकामनाएं दीं।शाम को शहनाई लॉन में आयोजित भजन संध्या ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम में परासिया विधायक सोहन वाल्मिक, जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके, सौंसर विधायक विजय चौरे, चौरई विधायक सुजीत चौधरी और पांढुर्णा विधायक नीलेश उईके सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता, यदुवंशी समाज के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

# यूरिया की किल्लतः ऑनलाइन टोकन में जिले से बाहर बिक रही खाद

## खाद संकट पर फूटा किसानों का गुस्साः भाजपा किसान मोर्चा ने DDA को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुन्नारदेव



खरीफ सीजन के बीच जुन्नारदेव क्षेत्र में यूरिया खाद की भारी कमी से किसान परेशान हैं। समय पर खाद नहीं मिलने से फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका गहरा गई है। इसी गंभीर समस्या को लेकर भाजपा किसान मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल जिला कृषि अधिकारी (डी.डी.ए.) से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपकर तत्काल यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि क्षेत्र के किसान कई दिनों से यूरिया के लिए सहकारी समितियों और वितरण केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें खाद उपलब्ध नहीं हो रही है। किसानों का आरोप है कि ऑनलाइन टोकन लेने के दौरान सिस्टम में यूरिया जिले से बाहर के केंद्रों पर उपलब्ध दिखाई जाती है, जिससे स्थानीय किसानों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक और भौगोलिक कारणों से जिले से बाहर जाकर खाद लाना अधिकांश किसानों के लिए संभव नहीं है।किसान मोर्चा ने जिला कृषि अधिकारी से मांग की कि डबल लॉक गोडाउन योजना के तहत पर्याप्त मात्रा में यूरिया सीधे जुन्नारदेव क्षेत्र में भेजी जाए, ताकि किसानों को समय पर खाद मिल सके। साथ ही सुझाव दिया गया कि सेवा सहकारी समिति छिन्दीकामथ की योजना के अनुरूप जुन्नारदेव सामुदायिक भवन स्थित गोडाउन से खाद वितरण की व्यवस्था शुरू की जाए, जिससे किसानों को राहत मिल सके। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो किसानों का आक्रोश और बढ़ेगा तथा व्यापक आंदोलन की स्थिति बन सकती है।इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री सीपतराम यदुवंशी, जनपद सदस्य मंगलू यदुवंशी, जगदीश मासब, रामप्रसाद यदुवंशी, दीपक यदुवंशी, बलराम यदुवंशी, लेखराम यदुवंशी, शिवराम यदुवंशी, बालकिशन यदुवंशी, महेश यदुवंशी सहित बड़ी संख्या में किसान एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## नशा मुक्ति कार्यक्रम के तहत पुलिस विभाग ने नशे के दुष्प्रभाव से कराया अवगत



जुन्नारदेव। जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदन में शनिवार 25 जुलाई को नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जुन्नारदेव सोनम पाटिल एवं अनुष्का फाउंडेशन की फाउंडर श्रीमती विश्वकर्मा मैडम द्वारा स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को नशे से होने वाली घातक बीमारियां एवं दुष्प्रभाव के संबंध में विस्तृत जानकारियां दी गई। विद्यार्थियों द्वारा इस दौरान नशा मुक्ति हेतु नाटक कार्यक्रम आयोजित कर नशे से दूर रहने हेतु संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में संकुल प्राचार्य गजेंद्र मालवीय द्वारा पुलिस विभाग सहित नशा मुक्ति हेतु प्रेरित करने वाली पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया गया।

## मोक्षधाम तामिया में पौधारोपण सह स्वच्छता अभियान सम्पन्न, गणमान्यजनों ने की सराहना



तामिया। वन परिक्षेत्र तामिया, पश्चिम वनमंडल छिंदवाड़ा के तत्वावधान में शनिवार को मोक्षधाम तामिया में वृक्षारोपण सह स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्क खंड सुश्री कृतिका डेहरिया, एसडीओ सुश्री सीमा ठाकुर, सुश्री नेहा मासुरकर, परिक्षेत्र अधिकारी सांगाखेड़ा, टीआई आशीष जैतकर, आशुतोष नायक तहसीलदार, उपसरपंच बल्लू सोनी, नितिन दत्ता, मोक्षधाम समिति के राजेन्द्र राजपूत एवं समिति के अन्य सदस्यगण, सम्मानीय ग्रामवासी व नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन गुरूदयाल साहू, परिक्षेत्र अधिकारी तामिया एवं उनके स्टाफ के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों ने मोक्षधाम परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए एवं परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। माननीय न्यायाधीश सुश्री कृतिका डेहरिया, एसडीओ सुश्री सीमा ठाकुर एवं सुश्री नेहा मासुरकर ने मोक्षधाम में किए गए वृक्षारोपण की सराहना की और कहा कि इस तरह के अभियान से क्षेत्र हरित एवं स्वच्छ बनेगा। तामिया रेंजर गुरूदयाल साहू, परिक्षेत्र अधिकारी ने कहा कि ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत सभी को पौधारोपण कर उसकी देखभाल करनी चाहिए। मोक्षधाम जैसे सार्वजनिक स्थानों को हरित रखना हम सभी का दायित्व है। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश देते हुए सभी ने मोक्षधाम को हरा-भरा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वन विभाग का समस्त अमला उपस्थित रहा।तामिया - विस्तार वानिकी योजना अंतर्गत मिश्रित रोपण मोक्षधाम तामिया रकबा 1 हेक्टेयकर में 500 पौधे लगाकर किया गयं वन विभाग द्वारा आयोजित तामिया मोक्षधाम में पौधारोपण का कार्यक्रमतामिया के व्यवहार न्यायाधीश कनिष्क खंड कृतिका डेहरिया,फारेस्ट एसडीओ श्रीमती सीमा ठाकुर की विशेष उपस्थिति में हुआ। तामिया के मोक्षधाम में मिश्रित पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित हुआ कार्यक्रम के न्यायाधीश कनिष्क खंड कृतिका डेहरिया वन विभाग की उपवन मंडल अधिकारी सीमा ठाकुर तामिया रेंजर गुरुदयाल साहू,सांगाखेड़ा रेंजर श्रीमती नेहा घोड़ेश्वर तामिया टीआई आशीष जैतवार नायब तहसीलदार अभिषेक रामटेके,मोक्षधाम समिति के नितिन दत्त उप सरपंच बल्लू सोनी वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र सिंह राजपूत की उपस्थिति में हुआ कार्यक्रम का संचालन वनरक्षक संजय धुर्वे ने किया।

## संगठन मजबूती पर भाजपा का जोर, शक्ति केंद्र-5 की मासिक बैठक संपन्न



छिंदवाड़ा। नगर मंडल भारतीय जनता पार्टी के शक्ति केंद्र-5 की मासिक बैठक शक्ति केंद्र क्रमांक 190, 191, 192 एवं 193 में आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री के संवाद को सामूहिक रूप से सुना गया तथा केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर जोर दिया गया।बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता संजय मदनलाल जैन के मार्गदर्शन एवं शक्ति केंद्र संयोजक अनिल यदुवंशी के नेतृत्व में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई। कार्यकर्ताओं से कहा गया कि सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचे, ताकि ग्रामीणों को उनका अधिकतम लाभ मिल सके।संयोजक अनिल यदुवंशी ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, नियमित जनसंपर्क बनाए रखने तथा पार्टी के कार्यक्रमों और जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है और उसकी सक्रियता से ही पार्टी और अधिक सशक्त बनेगी।बैठक में बूथ अध्यक्ष शबत लाल कावरेती, संतलाल भारती, शिवपाल कायदा, करण चंचल, रामरतन बरसिया, सरपंच शंभू सरयाम, दिनेश यदुवंशी, सतीश नार्वे, मनीष चंचल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन संगठन को और मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## छात्रों को मिली सायकल, स्कूल तक आसान हुआ सफर



दिघावानी / परासिया :- राज्य शासन की ₹सायकल वितरण योजना₹ के तहत हाई स्कूल दिघावानी के छात्र - छात्राओं को निशुल्क सायकल वितरित की गईं । कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिघावानी परिसर में किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य रुपेश नागवंशी , सरपंच बबिता दीपक जायसवाल ने छात्रों को सायकल की चाबी सौंपकर शुभकामनाएं दीं । उन्होंने कहा , कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित होगी । दूरस्थ गांवों से आने वाली छात्रों को अब स्कूल आने - जाने में सुविधा होगी और समय की भी बचत होगी ।सायकल पाकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे । कई छात्रों ने कहा , कि पहले 3 - 4 किमी पैदल आना पड़ता था , अब सायकल से आसानी से स्कूल पहुंच सकेंगी ।इस अवसर पर दिघावानी हाई स्कूल प्राचार्य धर्मेंद्र शर्मा , शिक्षिका वर्षा बरखानिया , शबाना , गौरी , रूपवती नवरेती , स्नेहा डेहरिया , शिक्षक सोहन लाल डेहरिया और संजय उइके मौजूद रहे ।कार्यक्रम में कुल 16 छात्र - छात्राओं को सायकल वितरित की गईं । प्राचार्य धर्मेंद्र शर्मा अपील की , कि सायकल का उपयोग केवल स्कूल आने - जाने के लिए करें व सावधानी के साथ चलाएं ।

## बालकों को बताये उनके अधिकार



छिंदवाड़ा। बालको के बढ़ रहे अपराधो इन विषयों की जानकारी देने के लिए जिला प्रधान न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशांत हुद्धार के निर्देशन , जिला शिक्षा अधिकारी जगद्वीश इरपाचे, प्राचार्य अल्का श्रीवास्तव के मार्गदर्शन मे शासकीय पी एम श्री एम एल बी कन्या छात्रावास मे बालको के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम हेतु बाल सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम अधिक्षक परवीन मंसूरी , शिक्षक कृष्णा माहोरे,की उपस्थिति मे किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश सिंह ने छात्रो को बताया की पाक्सो एक्ट की जानकारी के आभाव मे दिनो दिन अपराध बढ़ रहे हे इसलिए हर छात्राओ को पाक्सो एक्ट का ज्ञान जरूरी हे तभी हम सब सुरक्षित रेह पायेंगे । छात्राओं के साथ किसी व्यक्ति के द्वारा बैड टच एवं गुड टच करते हुए अहसास हो तो तुंरत शिक्षक वा अपने परिजनो को देकर उस व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस कार्यवाही करे।

## शिक्षा की गुणवत्ता और योजनाओं के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

जिला शिक्षा अधिकारी छिंदवाड़ा के सहायक संचालक श्री डी.पी. डेहरिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को शासकीय सदुपानी विद्यालय सौसर में विकासखंड के समस्त प्राचार्यों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रशासनिक दृष्टिकोण से इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक स्तर में सुधार और शासन की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करना रहा। बैठक के दौरान सहायक संचालक श्री डेहरिया ने सभी प्राचार्यों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अध्यापन कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कमजोर विद्यार्थियों और अनुपस्थित रहने वाले छात्रों पर विशेष फोकस करने को कहा, ताकि उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर परीक्षाफल को उत्कृष्ट बनाया जा सके। बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं और पोर्टल से जुड़ी तकनीकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान साइकिल और पाठ्यपुस्तक वितरण, छात्रों को मिलने वाली साइकिलों और पाठ्यपुस्तकों के वितरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। अपार आईडी और ओटीआर में आ रही परेशानियों का तत्काल समाधान करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। आगामी 3 दिनों के भीतर शत-प्रतिशत मैपिंग, अपार आईडी जनरेशन, पाठ्यपुस्तक और साइकिल वितरण का कार्य पूरा करने के कड़े निर्देश दिए गए। इस समीक्षा बैठक में सदुपानी विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा, प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री लहु सरोदे सहित विकासखंड के समस्त प्राचार्य उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा दिए गए इन सख्त निर्देशों का उद्देश्य क्षेत्र में शैक्षिक व्यवस्था को पारदर्शी और सुदृढ़ बनाना है।

### गुरुजनों के योगदान को समाज कभी नहीं भूल सकता : सांसद

छिंदवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू ने शुक्रवार की शाम को भाजपा कार्यकर्ता नंदकिशोर वरोकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुनील बोबड़े के निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने दिवंगत स्व. वरोकार गुरुजी एवं स्व. शंकर बोबड़े गुरुजी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए परिजनों को सांत्वना दी। इस अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि दोनों गुरुजनों ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके मार्गदर्शन में पढ़े अनेक विद्यार्थी आज विभिन्न उच्च पदों पर सेवाएं देते हुए सौसर विधानसभा और पांढुर्णा जिले का नाम प्रदेश एवं देशभर में गौरवान्वित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षकों का समाज पर अमिट प्रभाव रहता है और उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा प्रतिभाशाली और मेधावी युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से आगे बढ़ाने के पक्ष में रही है। कुछ असामाजिक तत्व सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन भाजपा हमेशा युवाओं और देश के उज्ज्वल भविष्य के साथ खड़ी रही है।

## खबर संक्षेप

### इनर व्हील ने बच्चों की मुलाकात

मण्डला। इनर व्हील के द्वारा सेवा भारतीय आश्रम में निवासरत बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया यहां लड़कियों को हाइजीन की जानकारी दी गई और पेड का वितरण किया गया। सरिता इसरानी ने लड़कियों को गुड टच बेड टच के बारे में जानकारी दी और उन्हें साफ सफाई से रहने का भी तरीका बताया लड़कियों की समस्याओं को देखते हुए डॉक्टर लिली एक्का बच्चों से संवाद किया और उनकी जिज्ञासा और समस्याओं का निदान किया। साथ ही इलाज किए जाने की चर्चा की गई। इस दौरान इनर व्हील की जिला अध्यक्ष श्रीमति अनिता गोयल ने आश्रम में निवासरत बच्चियों को भरोसा दिलाया कि शीघ्र ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। पश्चात सेवा भारती आश्रम की सभी लड़कियों के लिए भोजन की व्यवस्था रखी गई और एक साथ भोजन किया गया। इस दौरान आशा चौधरी, अनिता राय, अनुराधा चौरसिया, सीमा ज्योतिषी , गीता काल्पीवार, प्रिया पमनानी, संजूलता सिंगौर सहित अन्य सदस्य महिलाएं उपस्थित रही।

### अधिवक्ता अनिल यादव को पिछडा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई

नारायणगंज। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भारतीय जनता पार्टी पिछडा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार एवं संभाग सह प्रभारी धनेश धनंजय के निर्देशानुसार श्री फग्गन सिंह कुलस्ते सांसद मंडला, कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन विधायक मंडला श्रीमती संपत्तियां उईके की सहमति से एवं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के अनुमोदन उपरांत भारतीय जनता पार्टी पिछडा वर्ग मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल यादव नारायणगंज को मनोनीत किया गया जिस पर सभी भाजपा के लोगों ने बधाई दी।

## निजी स्कूलों पर सख्त निगरानी के आदेश, फिर भी नियम विरुद्ध किताबें संचालित

# क्या निजी स्कूलों पर कसेगा शिकंजा

* निरीक्षण दल गठित, अब कार्रवाई का इंतजार।



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जिले में संचालित निजी विद्यालयों की कार्यप्रणाली पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत (शिक्षा) मंडला ने सभी नौ विकासखंडों में तीन सदस्यीय निरीक्षण दलों का गठन किया है। इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मंडला द्वारा आदेश जारी किया गया है।

यह कार्रवाई मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम-2020, संशोधित अधिनियम-2025 तथा स्कूल शिक्षा विभाग के शासन निर्देशों के अनुपालन में की गई है। आदेश के अनुसार निजी विद्यालयों में संबंधित बोर्ड की मान्यता के अनुरूप पाठ्यपुस्तकों का उपयोग, एनसीईआरटी/एससीईआरटी की पुस्तकों का अनिवार्य पालन, स्कूल बैग नीति-2020 का अनुपालन तथा विद्यार्थियों और अभिभावकों को किसी विशेष विक्रेता से पुस्तकें, यूनिफॉर्म, टाई, जूते, कॉपियां आदि खरीदने के लिए बाध्य नहीं किए जाने की जांच की जाएगी।




जिले के मंडला, नैनपुर, बिछिया, मवई, घुघरी, मोहगांव, निवास, नारायणगंज एवं बीजाडांडी विकासखंडों में गठित समितियों में संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अध्यक्ष, विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सदस्य तथा विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी) को सदस्य बनाया गया है।

सभी निरीक्षण दलों को अपने-अपने विकासखंड के निजी विद्यालयों का निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन जिला प्रशासन को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन का उद्देश्य निजी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता, पारदर्शिता, शासन के नियमों का पालन तथा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के हितों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

हालांकि, आदेश जारी होने के बावजूद जिले के कुछ निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी/एससीईआरटी की निर्धारित पुस्तकों के स्थान पर अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें संचालित किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इस संबंध में जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी को भी दी गई है। ऐसे में अब यह अपेक्षा की जा रही है कि गठित निरीक्षण दल इन शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर यह सुनिश्चित करें कि सभी निजी विद्यालय शासन के निर्देशों का पालन कर रहे हैं या नहीं। यदि किसी विद्यालय द्वारा नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि शासन के आदेशों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। समाचार लिखे जाने तक जिला शिक्षा अधिकारी से दूरभाष में संपर्क करने की कोशिश की गयी पर उनसे संपर्क

## डेयरियों और स्वीट्स दुकानों पर छापे, लिए गए सैंपल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

महाराष्ट्र में सिंथेटिक और मिलावटी दूध के कारोबार की भनक लगते ही मध्य प्रदेश खाद्य सुरक्षा प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। संयुक्त खाद्य सुरक्षा आयुक्त के कड़े निर्देशों पर मंडला जिले में मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष जांच अभियान शुरू किया गया है।

सीएमएचओ डॉ. डी.जे. मोहंती के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने जिले की कई डेयरियों, स्वीट्स और बेकरी दुकानों पर दबिश देकर ताबड़तोड़ छापेमार कार्रवाई की। पीटेगांव स्थित दिनशा डेयरी प्राइवेट लिमिटेड से गाय के दूध का नमूना लिया गया। इसी प्रकार जलपान बेकरी एंड स्वीट्स से कुंदा व मिक्स नमकीन और जय हिंद दूध डेयरी से मिश्रित दूध व पनीर के सैंपल एकत्र किए गए।

सभी नमूनों को सील कर जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। वहीं, कमियां पाए जाने पर जलपान बेकरी को धारा 32 के तहत सुधार सूचना पत्र जारी किया गया है।



# नवाचार प्रोजेक्ट 'संकल्प' के तहत प्रथम मूल्यांकन टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जिला प्रशासन द्वारा जिले के होनहार विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए शुरू किए गए नवाचार प्रोजेक्ट 'संकल्प' के अंतर्गत शनिवार को प्रथम मूल्यांकन टेस्ट का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस विशेष परीक्षा में जिले के लगभग 80 विद्यालयों के 1500 से अधिक कक्षा 11वीं एवं 12वीं के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। उल्लेखनीय है कि बीते 11 जुलाई से संचालित इस नवाचार प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य जिले के मेधावी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं—जेईई और नीट की निशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण कोचिंग प्रतिदिन उपलब्ध कराना है। आयोजित यह परीक्षा शिक्षण के प्रथम चरण का आकलन करने और विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा प्रणाली से परिचित कराने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

विद्यार्थियों को जेईई और नीट जैसी मुख्य प्रतियोगी परीक्षाओं के वास्तविक माहौल का अनुभव कराने के उद्देश्य से परीक्षा पूर्णतः ओएमआर शीट आधारित आयोजित की गई। परीक्षा की सुचिता, पारदर्शिता और त्वरित परिणाम सुनिश्चित करने के लिए सभी ओएमआर शीट्स का मूल्यांकन एक विशेष मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा। मोबाइल ऐप द्वारा मूल्यांकन के पश्चात विद्यार्थियों की ग्रेडिंग तय होगी, जिसके आधार पर पूरे जिले की एक एकीकृत (कंबाइंड) मेरिट व रैंकिंग सूची जारी की जाएगी।
एपीसी एवं प्रोजेक्ट प्रभारी मुकेश पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा और जिला स्तरीय रैंकिंग से विद्यार्थियों को जिले में अपनी वास्तविक तैयारी और स्थिति का सटीक आकलन करने का अवसर मिलेगा। इससे छात्रों में आगे बढ़ने की स्वस्थ एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा विकसित होगी।

## खबर संक्षेप

### ब्रह्माकुमारीज कन्हीवाड़ा सेवा केंद्र द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, कन्हीवाड़ा सेवा केंद्र द्वारा बालाजी नगर स्थित गार्डन में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना कन्हीवाड़ा की सब-इंस्पेक्टर अंकिता जैन रहीं। इस अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका बी.के. मोनिका बहन, भूतपूर्व महिला भाजपा अध्यक्ष संगीता जी, वरिष्ठ पत्रकार श्री संतोष बंदेवार जी, हरिशंकर भाई जी, आनंद भाई जी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सभी ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया, जिनमें लीची, आंवला, आम, नारियल, गुलमोहर, जामुन, केला, मुनगा एवं चीकू, कटहल के पौधे शामिल रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उनकी देखभाल का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारीज परिवार द्वारा सब-इंस्पेक्टर अंकिता जैन जी एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री संतोष बंदेवार जी को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

यह कार्यक्रम प्रकृति संरक्षण, सामाजिक जागरूकता एवं सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण बना।

### दिव्य आदर्श शिक्षा समिति गोपालगंज की सेक्टर स्तरीय बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री राजेंद्र चौधरी जी के दिशा निर्देशन में दिनांक 4 जुलाई से 12 अगस्त तक चलाए जा रहे स्वच्छता पर्व के अंतर्गत आज ब्लॉक सिवनी के सेक्टर 03 की नवांकुर संस्था दिव्य आदर्श शिक्षा समिति गोपालगंज द्वारा सेक्टर स्तरीय बैठक कर बैठक में एक पेड़ मां के नाम,नशा मुक्ति तथा स्वच्छता विषय पर प्रेरक उद्बोधन सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दिए। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से कंट्री फस्ट स्कूल में प्रारंभ हुई।इस बैठक की अध्यक्षता दिव्य शिक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती माया भलावी ने की। आज के इस बैठक में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति गोपालगंज, कातलबोडी सुकवाह,पीपरडाही आदि समितियों के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात आगामी दिनों में किए जाने वाले कार्यों के बारे में विचार साझा किए गए।

### आज़ाद समाज पार्टी (कांसीराम) और भीम आर्मी ने महामहिम राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** हसीब खान आज़ाद जिला अध्यक्ष आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम), सिवनी के नेतृत्व में आज दिनांक 25 जुलाई 2026 को आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) एवं भीम आर्मी भारत एकता मिशन, सिवनी द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम जिला कलेक्टर, सिवनी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में देशभर के छात्रों, युवाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के हितों की रक्षा, शिक्षा एवं भर्ती व्यवस्था में व्यापक सुधार तथा हालिया छात्र छात्राओं के आंदोलनों के दौरान हुई घटनाओं की निष्पक्ष जांच की मांग की गई।

इस अवसर पर हसीब आज़ाद ने कहा कि शिक्षा, रोजगार और निष्पक्ष भर्ती व्यवस्था प्रत्येक युवा का संवैधानिक अधिकार है। लगातार सामने आ रहे पेपर लीक, भर्ती घोटालों और छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई ने युवाओं का विश्वास कमजोर किया है। सरकार को इन मामलों में तत्काल, निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई करनी चाहिए।

# कलबोडी में एक सप्ताह में दूसरी वारदात से दहशत




जिले के कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम कलबोडी में दिनदहाड़े हुई लाखों रुपये की चोरी से ग्रामीणों में दहशत और आक्रोश व्याप्त है। अज्ञात चोर किसान के सूने मकान का ताला तोडक़र बेटी की शादी के लिए रखे करीब 10 तोला सोने के जेवरात और 5 हजार नकद लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कुरई थाना पुलिस और डायल-112 को सूचना दी गई।

पीड़ित किसान कमल साहू ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे वह किसी कार्य से घर में ताला लगाकर सुकतरा चले गए थे। लगभग 3 बजे उनका बेटा घर पहुंचा तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। बेटे ने तत्काल फोन पर इसकी जानकारी दी। घर पहुंचकर देखा तो अंदर का सामान बिखरा पड़ा था और दीवान पेटी में रखे सोने के जेवरात तथा 5 हजार नकद गायब थे।

कमल साहू के अनुसार चोर करीब 10 तोला सोना ले गए, जिसमें बेटी के विवाह के लिए खरीदा गया 5 तोला का रानीहार, एक छोटा हार, पायल, अंगूठी, कनछड़ी, कनफूल सहित अन्य आभूषण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही बेटी की शादी होनी थी और उसी के लिए यह जेवर सुरक्षित रखे गए थे।

घटना के समय घर के पीछे धान रोपाई का कार्य चल रहा था, जहां परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने सूने मकान का ताला तोडक़र वारदात को अंजाम दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि तीन दिन पहले भी कलबोडी में एक सूने मकान में चोरी हुई थी, लेकिन पीड़ित को एफआईआर दर्ज कराने के लिए कुरई थाने के चक्कर लगाने पड़े। उनका कहना है कि लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र में भय का माहौल है और चोरों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से गांव में नियमित गश्त बढ़ाने, पूर्व की चोरी की घटनाओं का खुलासा करने तथा इस मामले में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की भिड़ंत,एक की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के किंदरई थाना क्षेत्र अंतर्गत केदारपुर गांव के पास शनिवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की भिड़ंत में 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार 13 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, सिंगारपुर निवासी क्रिस उईके (25) अपने परिचित पप्पू तुमराचे (13) के साथ मोटरसाइकिल से किंदरई से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान केदारपुर गांव के पास सामने से आ रहे एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के तुरंत बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस और एम्बुलेंस ने घायल 13 वर्षीय पप्पू तुमराचे को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद बालक की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरोंने उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया है।

# नीट पेपर लीक भाजपा की हिटलरशाही नीति के खिलाफ कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**हरिभूमि न्यूज केवलारी।**



नीट पेपर लीक ओर भारतीय जनता पार्टी के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के स्तीफा के परिपेक्ष्य मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने स्थानीय चांदनी चौक मे धरना प्रदर्शन किया।

दिनांक 25 जुलाई को केवलारी मे नीट पेपर लीक, भ्रष्टाचार, डीएपी यूरिया, मंहगाई को लेकर धरना प्रदर्शन कर मंच के माध्यम से सुभाष बघेल, आनंद भगत, दिलीप दुबे ,रमाशंकर महोबिया, मुकेश राजपूत, सादिक खान, शुभम बघेल, सुरज जंघेला, सुरेंद्र भलावी, उमाप्रसाद ठाकुर, विष्णु शर्मा, सुश्री प्रज्ञा जंघेला, सुश्री अश्विनी पटेल,नीरज अवधिया, गोतम जंघेला सहित अन्य नेताओं ने जंतर मंतर पर चल रहे युवाओ के अंदोलन मे पुलिस की बर्बरतापूर्ण कार्रवाई ओर भाजपा की हिटलरशाही नीति के खिलाफ आवाज बुलंद किया ।

छात्रों का लगातार विरोध और इस्तीफे की मांग, देश भर के छात्र और विपक्षी दल इस प्रशासनिक विफलता को लेकर गंभीर सवाल उठा रहे हैं। दिल्ली के जंतर-मंतर सहित देश के कई हिस्सों में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

बार-बार पेपर लीक होने की घटनाओं (जैसे 2024 और अब 2026 में) के कारण मेडिकल की तैयारी करने वाले लाखों छात्र मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं और परीक्षा प्रणाली पर उनका भरोसा कम हो रहा है।

डीएपी के दाम दोगुने हो गये, उर्वरक लेने के लिये आन लाइन मांग की उपयोगिता से प्रदेश का किसान परेशान है नोकरी नहीं दे रहे है आदि बिषयो को लेकर आक्रोश व्यक्त किया गया ।इस मौके पर भारी संख्या में कार्यकर्ता ओर पदाधिकारियों की उपास्तिथी थी।

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की लापरवाही से बढ़ा पेयजल संकट, भुगतान अटकने से हैंडपंप मरम्मत कार्य प्रभावित

**हरिभूमि न्यूज धनौरा।**

धनोरा। विकासखंड धनोरा के 112 से अधिक गांवों में पेयजल व्यवस्था का मुख्य आधार बने हैंडपंप इन दिनों बदहाल स्थिति में हैं। कहीं हैंडपंप की चेन टूटी हुई है, तो कहीं बार-बार खराब होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है।



ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतें करने के बावजूद लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग समय पर मरम्मत नहीं करा रहा, जिससे गर्मी और बरसात दोनों मौसम में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि विभाग द्वारा नियुक्त ठेकेदारों के पास आवश्यक सामग्री और पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। कई बार शिकायत दर्ज होने के बाद भी ठेकेदार कई दिनों तक गांव नहीं पहुंचते। कहीं चेन उपलब्ध नहीं होती तो कहीं अन्य आवश्यक पार्ट्स के अभाव में मरम्मत अधूरी छोड़ दी जाती है। इसका खामियाजा सीधे ग्रामीणों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है, जिन्हें दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ठेकेदारों पर समयबद्ध कार्य कराने का कोई प्रभावी दबाव नहीं बनाया जा रहा है। परिणामस्वरूप ठेकेदार अपनी सुविधानुसार कार्य कर रहे हैं और शिकायतों का निराकरण लंबे समय तक लंबित रहता है। कई गांवों में बार-बार शिकायतों के बावजूद हैंडपंप महीनों तक खराब पड़े रहने की बात भी सामने आई है।

जब इस संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की इंजीनियर ज्ञानेश्वरी उइके से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा लंबे समय से ठेकेदारों का भुगतान लंबित है। भुगतान नहीं होने के कारण ठेकेदारों द्वारा कार्य में देरी की जा रही है, जिससे हैंडपंप मरम्मत का काम प्रभावित हो रहा है।

हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय भुगतान विवाद का खामियाजा आम जनता को नहीं भुगतना चाहिए। उनका कहना है कि यदि समय पर भुगतान नहीं हुआ तो विभाग को वैकल्पिक व्यवस्था कर पेयजल उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# जिला पंचायत में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक, प्राकृतिक खेती और डेयरी विकास पर जोर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिवनी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि, पशुपालन एवं डेयरी, उद्यानिकी तथा मत्स्य पालन विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा के दौरान हिरण्यगर्भा योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना एवं क्षीरधारा ग्राम योजना की प्रगति पर चर्चा की गई। साथ ही जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तृतीय चरण के तहत किए गए कार्यों की सराहना की गई। ब

ैठक में निर्णय लिया गया कि जिले की 51 क्रियाशील गौशालाओं में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बायो रिसोर्स सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इन गौशालाओं के संचालकों को कृषि विज्ञान केंद्र, सिवनी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही इन 51 गौशालाओं को आसपास के क्षेत्रों के क्लस्टर मुख्यालय के रूप में विकसित कर स्थानीय पशुपालकों एवं किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

बैठक में क्षीरधारा ग्राम योजना के प्रथम एवं द्वितीय चरण में चयनित ग्रामों के पात्र पशुपालकों के लिए डेयरी पशुओं हेतु किसान क्रेडिट कार्ड (KCC) सहकारिता विभाग के माध्यम से बनवाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि वे जिले की स्थानीय परिस्थितियों एवं विपणन (मार्केटिंग) की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रवार हितधारकों की पहचान करें तथा उन्हें स्वरोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयास करें। बैठक में उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. संतोष कुमार डहेरिया, जिले के समस्त विकासखंडों के पशु चिकित्सा अधिकारी एवं स्थानीय पशु चिकित्सक उपस्थित रहे। उक्त जानकारी डॉ. मनीष कुमार शेन्डे, सहायक संचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, सिवनी द्वारा प्रदान की गई।

# नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान को मिल रही सफलता, पुलिस ने रंगोली, चित्रकला व मानव श्रृंखला से दिया जागरूकता का संदेश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**




पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के कुशल नेतृत्व में जिले में संचालित नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान लगातार सफलता की ओर अग्रसर है। अभियान के तहत युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक चंचलेश मरकाम के निर्देशन तथा पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी, निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे के मार्गदर्शन में पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी एवं जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में रंगोली, चित्रकला, मानव श्रृंखला सहित अनेक रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्त मध्य प्रदेश अभियान चलाया जा रहा है।

इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों और नागरिकों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा समाज को नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित करना है। जागरूकता कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नशे के विरुद्ध प्रभावी संदेश दिए।

अभियान को सफल बनाने में कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी, यातायात प्रभारी विजय बघेल, सूबेदार जितेंद्र रावतकर, आरक्षक नारायण ठाकरे, विवेक गोनेकर, जितेश बिसेन, मयूर दोहरे, नीरज नागवंशी, मोहित कुमार, राहुल रहंगडाले, नीरज डेहरिया एवं बिरन धुर्वे का विशेष योगदान रहा। सभी अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों की अथक मेहनत, समर्पण और रचनात्मक प्रयासों से अभियान को निरंतर सफलता मिल रही है। सिवनी पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार और समाज को भी नशामुक्त बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाएँ।

# ग्राम बखारी आज भी सड़क से वंचित बरसात में ग्रामीणों का जनजीवन बेहाल

**सिवनी (घंसौर)।** नर्मदा घाटी में बने बरगी बांध से विस्थापित ग्राम बखारी, विकासखंड घंसौर, जिला सिवनी के ग्रामीण पिछले एक दशक से गांव तक सर्व मौसमीय (ऑल वेदर) सडक़ निर्माण की मांग कर रहे हैं। अनेक बार शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को आवेदन देने के बावजूद आज तक सडक़ का निर्माण नहीं हो सका है। बरसात के मौसम में गांव का संपर्क लगभग पूरी तरह कट जाता है।



कच्ची सडक़ कीचड़ और गहरे गड्ढों में तब्दील हो जाती है, जिससे स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्कूली बच्चों को रोजाना जान जोखिम में डालकर कीचड़ भरे रास्ते से विद्यालय जाना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि यदि गांव में कोई व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार हो जाए तो उसे 6 किलोमीटर तक खाट पर ले जाकर मुख्य सडक़ तक पहुंचाना पड़ता है। कई बार समय पर उपचार नहीं मिलने से गंभीर स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यह स्थिति एक विकास परियोजना से विस्थापित गांव के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस वर्ष भी मानसून शुरू होने के बावजूद सडक़ निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। गांव के सरपंच एवं ग्रामीणों ने एक बार फिर शासन-प्रशासन से तत्काल सडक़ निर्माण की मांग करते हुए कहा है कि विस्थापन के वर्षों बाद भी यदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं, तो यह पुनर्वास नीति और प्रशासनिक दावों पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।ग्रामीणों ने मांग की है कि ग्राम बखारी तक तत्काल सर्व मौसमीय पक्की सडक़ का निर्माण कराया जाए। बरसात के दौरान आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं मरीजों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सडक़ निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। बरगी बांध के विस्थापित गांवों में पुनर्वास के अंतर्गत सभी मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। ज्ञात हो कि विगत वर्ष ग्रामीणों ने सडक निर्माण को लेकर वन विभाग की लकडी से भरे ट्रक को तीन दिन तक रोक रखा था। प्रशासन द्वारा सडक बनाने के आश्वासन बाद ट्रक छोडा गया था।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते और विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा आज तक सडक बनबाने में असफल रहे हैं।महिला सरपंच असुंता राजेश मरावी, सरिता बाई कैलाश झारिया, समरती बाई राज कुमार मरावी, चन्नू सैयाम, रतीराम यादव, लक्ष्मण बर्मन,जयपाल बर्मन, श्रीराम बर्मन, तुलाराम यादव, अरूण गुमास्ता, गुलाब झारिया आदि ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र सडक़ निर्माण की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक जनआंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

# शिक्षकों को शीघ्र प्रदान किया जाएगा चतुर्थ समय मान वेतनमानः मध्य प्रदेश शिक्षक संघ

**सिवनी।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा सिवनी का प्रतिनिधि मंडल कल जिला शिक्षा अधिकारी श्री अविनाश दीक्षित जी से मिला जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने मध्य प्रदेश शासन के आदेश अनुसार 1 जुलाई 2023 को 35 वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षकों चतुर्थ समय मान वेतनमान प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया गया है जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा संकुल प्राचार्य के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर ली गई हैकिंतु आज दिनांक तक शिक्षकों को वेतनमान प्रदान नहीं किया गया है जिस पर नवागत जिला शिक्षा अधिकारी दीक्षित द्वारा संगठन कोअवगत कराया गया की शासन द्वारा पदोन्नति की प्रक्रिया बीच में आ जाने के कारण इस कार्य में थोड़ा विलंब हो रहा है शीघ्र ही या कार्यवाही पूर्ण कराकर



शिक्षकों को वेतनमान प्रदान किए जाएंगे साथ ही संगठन द्वारा जिला परामर्शदात्री की बैठक जो विगत वर्षों से कार्यालय में आयोजित नहीं की गई है उससे भी आयोजित करने के लिए संगठन द्वारा मांग की गई इन दोनों मांगों पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आश्वासन प्रदान किया गया कि शीघ्र शिक्षकों की इन मांगों पर विचार किया जाएगा साथ ही विकासखंड स्तर पर भी परामर्श दात्री का आयोजन कराया जाएगा प्रतिनिधि मंडल में प्रांतीय शैक्षिक प्रकोष्ठ प्रमुख विजय शुक्ला जिला संगठन मंत्री अनिल शर्मा जिला अध्यक्ष अविनाश पाठक जिला सचिव संतोष सूर्यवंशी एवं जिला कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल पतलेउपस्थित रहे प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी महोदय के संतोष जनक आश्वासन पर प्रसन्नतजह की तथा समय-समय पर संगठन को सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा भी अपनी सहमति प्रदान की गई।

### मनमर्जी से लगा दिया ट्रांसफार्मर अब मांग रहा है शिफ्टिंग का चार्ज

ग्राम पंचायत चंदनवाड़ा खुर्द में विद्युत मंडल के कुछ ठेकेदार द्वारा ग्राम वासियों द्वारा बताई हुई जगह के अलावा मनमर्जी से गड़े हुए ट्रांसफार्मर को ग्राम वासियों ने जब आपत्ति दर्ज की तो ठेकेदार कह रहा है शिफ्टिंग चार्ज देना होगा ग्राम चंदन वाला खुर्द में माता दिवाला के पास जब ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा था तब कुछ ग्रामवासी एवं पंचायत प्रतिनिधि द्वारा उसे जगह बताई गई थी तब भी उसके कुछ कर्मचारियों द्वारा नशे की हालत में कार्य किया गया एवं लाइन को टेढ़ी-मेढ़ी कर ट्रांसफार्मर बिठा दिया गया ज्ञात होगी पलारी क्षेत्र में विद्युत मंडल के ठेकेदार द्वारा जो कार्य किया जा रहे हैं अगर किसी गांव में लाइन जा रही है तो सडक़ के इतने नजदीक से लाइन गुजारी जा रही है कि इससे आने को घटना दुर्घटना होने या शंका बनी हुई है निर्माण कार्य भी गुणवत्ता विहीन किया जा रहा है जिसके लिए पहले भी विद्युत मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत लिखित एवं मौखिक तौर पर कराया जा चुका है तब भी आज दिनांक तक किसी भी प्रकार का कोई सुधार कार्य गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया इस संबंध में ग्राम वासियों ने पलारी कनिष्ठ अभियंता को लिखित शिकायत भी दी जा चुकी है।

## नवीन बस स्टैंड एवं यातायात व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन का संयुक्त निरीक्षण

# चिह्नित भूमि, पार्किंग स्थल एवं यातायात बाधित मार्गों का किया गया अवलोकन

### सुगम यातायात एवं नागरिक सुविधाओं को ध्यान में रखकर बनाई जाएगी कार्ययोजना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं व्यवस्थित बनाने तथा नवीन बस स्टैंड के निर्माण हेतु पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री कृष्ण लालचंदानी एवं कलेक्टर सिवनी श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में आज दिनांक 24.07.2026 को संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया गया।

निरीक्षण दल में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी, अनुविभागीय दंडाधिकारी सिवनी, यातायात प्रभारी,



एम.पी.आर.डी.सी., इलेक्ट्रिकल विभाग, नगर पालिका सिवनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**नवीन बस स्टैंड हेतु चिह्नित भूमि का अवलोकन**

दल द्वारा शहर में प्रस्तावित नवीन बस स्टैंड के लिए चिह्नित संभावित भूमि का स्थल पर जाकर निरीक्षण किया गया। भूमि की उपलब्धता, पहुंच मार्ग, यात्री सुविधाओं, पानी-बिजली एवं भविष्य में यातायात के दबाव को ध्यान में रखते हुए तकनीकी पहलुओं पर चर्चा की गई।

**यातायात बाधित मार्गों एवं पार्किंग स्थलों का भ्रमण**

शहर के उन मार्गों का भ्रमण किया गया जहां यातायात बाधित होता है। अवैध पार्किंग, अतिक्रमण एवं संकरे मार्गों की स्थिति का जायजा लिया गया।

साथ ही सार्वजनिक पार्किंग हेतु उपलब्ध भूमि एवं अन्य यातायात संबंधी स्थानों का भी निरीक्षण किया गया।

# मत्स्य पालन को मिलेगा बढ़ावा,आधुनिक तकनीकों से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

**सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशन में जिले में मत्स्य पालन को प्रोत्साहित करने, मत्स्य पालकों की आय में वृद्धि करने तथा स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मत्स्य विभाग द्वारा हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों की जानकारी दी गई।

उप संचालक मत्स्य उद्योग, सिवनी के मार्गदर्शन में सहायक संचालक श्रीमती संध्या कुमार एवं सहायक मत्स्य अधिकारी सुश्री अनामिका सिंह ने उपस्थित हितग्राहियों को केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न मत्स्य विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

उन्होंने बताया कि मत्स्य पालन ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है तथा विभागीय योजनाओं का लाभ लेकर किसान एवं युवा बेहतर आय अर्जित कर सकते हैं।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों में निर्मित तालाबों, सरोवरों एवं जलाशयों का अधिकतम उपयोग मत्स्य पालन के लिए किए जाने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही बायोफ्लॉक, आर.ए.एस. (रीसर्कुलेटिंग एक्वाकल्चर सिस्टम) एवं केज कल्चर जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से कम लागत में अधिक उत्पादन, रोजगार सृजन तथा मत्स्य उत्पादों की मूल्य श्रृंखला को सुदृढ़ बनाने की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी गई।

इस दौरान हितग्राहियों को नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म (**NFDP**) के पोर्टल पर डिजिटल पंजीकरण की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया, जिससे वे विभागीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सरलता से प्राप्त कर सकें। साथ ही मछुआ किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाने, मत्स्य बीज, जाल एवं नाव के लिए उपलब्ध योजनाओं तथा विभागीय सहायता की जानकारी भी दी गई।

खबर संक्षेप

## भक्तों को आनंद प्रदान करने अवतार लेते हैं भगवान : पं पचोरी



**तेंदूखेड़ा।** जब धरती पर अधर्म बढता है पापाचार दुराचार बढ़ने लगता है तब धर्म कि विधिवत स्थापना के लिए अपने भक्तों को आनंद प्रदान करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं उक्त उद्गार कथा व्यास पं प्रमोद पचोरी के द्वारा प्रतिष्ठित कोठारी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ में व्यक्त किए। सृष्टि विषयक व्याख्यान में महाराज मनु के द्वितीय पुत्र प्रियव्रत जी के वंश का वर्णन करते हुए वृत्रासुर का चरित्र प्रहलाद चरित्र सदाचार वर्णाश्रम धर्म नारी धर्म गज -ग्राह चरित्र समुद्र मंथन बलि वामन संवाद सूर्यवंश चंद्रवंश का विस्तार से वर्णन करते हुए श्री कृष्ण अवतार की सुंदर कथा सुनाई। भगवान बालकृष्ण की सुन्दर बाल लीलाओं की कथा श्रवण कराई। तथा गोवर्धन पर्वत का वर्णन बड़े ही मनोरम भाव से सुनाते हुए स्पष्ट किया कि इंद्र को अपनी शक्ति का अभिमान हो जाने के कारण स्वयं योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण ने नग पर पर्वत धारण कर अपने भक्तों की रक्षा की थी। और इंद्र के अभियान को नष्ट किया था। भगवान बांके बिहारी का सुंदर स्वरूप और गोवर्धन पूजन में श्रद्धालुओं ने बड़े ही भक्ति भाव के साथ किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंच रहें हैं। आयोजकों ने सभी धर्मावलंबी जनों से कथा में पधारने का आग्रह है।

## अनोखे जुड़वा बच्चों ने लिया जन्म



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिला चिकित्सालय में प्रसव हेतु भर्ती कराई गई महिला ने अनोखे दो जुड़ावा बच्चों को जन्म दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बम्हौरी सोकलपुर निवासी महिला को प्रसव के लिए जिला चिकित्साल में भर्ती कराया गया था जहां पर महिला की स्थिति को देखते हुए डाक्टरों द्वारा ऑपरेशन किया गया जिसमें आपरेशन के दौरान दो अनोखे जुड़वा बच्चों को निकाला गया। दो बच्चे एक दूसरे से कमर के भाग से जुड़े हुए है। डॉक्टरों द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

# शासकीय महाविद्यालय हट्टा में आयोजित किया गया नशा मुक्ति अभियान 2.0

**हट्टा।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय, हट्टा में दिनांक 15ःजुलाई 2026 से 30 जुलाई 2026 तक 15 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री अंशुल मेश्राम की उपस्थिति में संपन्न कराया गया।इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा स्वस्थ एवं नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था।अभियान के प्रथम दिवस, 15 जुलाई 2026 को महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों की संहभागिता से इसके अंतर्गत अवेयरनेस रन व रैली का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नशा उन्मूलन से संबंधित संदेश एवं नारों द्वारा आमजन को जागरूक किया।16 जुलाई 2026 को विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय में नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रील एवं लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें नशे के दुष्प्रभावों तथा उससे बचाव के उपायों को




प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। 17 जुलाई 2026 को नशे के दुष्परिणाम एवं सामाजिक दुष्प्रभाव पर तथा उच्च शिक्षण संस्थानों के आसपास तंबाकू-सिगरेटकी कोई दुकान संचालित न हो, इस पर सहायक प्राध्यापक श्री राकेश रंगारे द्वारा विशेष व्याख्यान दिया गया एवं पुलिस थाना, हट्टा के सहायक उप-निरीक्षक श्री विजय पटले, श्री राजेश पटले, श्री आर विष्णु प्रताप.एवं आर लक्ष्मी टेकाम द्वारा परिसर में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।21 जुलाई 2026 को मंहाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता फैलाने के लिए चित्रकला, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन एवं रंगोली-पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।समस्त कार्यक्रमों के आयोजन में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस प्रकार यह 15 दिवंसीय कार्यक्रम विद्यार्धियों के लिए प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक अनुभव रहा।

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा में उमडा श्रद्धालुओं का जन सैलाब



### सैकड़ो भक्तों ने रथ खींच कर पहुंचा मंदिर तक

**उकवा।** भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के दूसरे वर्ष में जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया 16 जुलाई को उकवा कैंप जगन्नाथ मंदिर से अत्यंत उत्साह के साथ किया गया रथ यात्रा का शुभारंभ विधि विधान के साथ भगवान श्री जगन्नाथ भाई बलभद्र एवं माता सुभद्रा की प्रतिमाओं को लकड़ी से बने भव्य एवं सुसज्जित रथ पर ढोल नगाड़ों के साथ सार्वजनिक शीतला माता मंदिर परिसर गुदमा कैंप लाकर परिसर में श्रद्धा पूर्वक विराजमान किया गया था जहां पर प्रतिदिन भगवान की पूजा आराधना कर श्रद्धालुओं द्वारा महाप्रसादी का वितरण किया जाता रहा है 24 जुलाई दिन शुक्रवार को भगवान श्री जगन्नाथ बलभद्र एवं माता सुभद्रा को शीतला माता मंदिर परिसर से जगन्नाथ मंदिर उकवा कैंप वापस लाने के लिए रथ पर विराजमान किया गया जहां सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भव्य सुसज्जित रथ को खींचकर भगवान जगन्नाथ बलभद्र एवं माता सुभद्रा को नगर का भ्रमण करते हुए पारंपरिक वेशभूषा में भगवान श्री जगन्नाथ की जय करो जय घोष के साथ नाचती गाते हुए मंदिर की ओर प्रस्थान किया जहां जगह-जगह भक्तों को सामाजिक संस्थाओं धार्मिक संस्थाओं जनप्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवकों के द्वारा पानी शरबत फल आदि का वितरण कर भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया । भगवान श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा में पुलिस बल का भरपूर योगदान रहा थाना प्रभारी रूपझर पुलिस चौकी उकवा एवं उनकी पूरी टीम ने पूरे रास्ते को क्लियर कर कहीं भी विवाद या जाम जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं होने दी । भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का समापन जगन्नाथ मंदिर उकवा कैंप में किया गया । भगवान श्री जगन्नाथ समिति ने रथ यात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी सामाजिक संगठनों जनप्रतिनिधियों स्वयंसेवक को धार्मिक संगठन मीडिया पुलिस बल एवं श्रद्धालुओं के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है ।

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के श्रद्धालुओं का जत्था हुआ रवाना



**कटंगी।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत चयनित श्रद्धालुओं का एक जत्था शनिवार को मथुरा-वृंदावन धार्मिक यात्रा के लिए रवाना हुआ। यात्रियों को विदा करने के लिए नगर परिषद कटंगी परिसर में विशेष स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद की प्रभारी अध्यक्ष उपाध्यक्ष धर्मकला देशमुख, पार्षद प्रतिनिधि खेमू कोचर, दीपक नागमोते और नगर परिषद के कर्मचारियों ने यात्रियों का फूलमाला पहनाकर स्वागत-सत्कार किया। परिजनों ने भी तीर्थ यात्रियों को विदाई दी और यात्रा मंगलमय होने की कामना की। योजना के तहत कटंगी से रवाना हुए यात्री बालाघाट पहुंचे जहां से उन्हें विशेष ट्रेन द्वारा विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे। जानकारी अनुसार आज सुबह सवा 11 बजे बालाघाट जिला मुख्यालय में सांसद भारती पारधी ने गौरव पर्यटक ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद श्रद्धालुओं का यह जत्था निर्धारित तीर्थ स्थलों की यात्रा पर आगे बढ़ा। उपाध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना वरिष्ठ नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद श्रद्धालु भी निशुल्क तीर्थ दर्शन कर पा रहे हैं।

## वन विभाग के दखल से रुका विकास का पहिया




### बिछवा-हीरापुर-चांदाडोह सड़क आज भी बनी कच्ची

### 5.20 करोड़ की लागत धरी की धरी, कागजों में विकास, धरातल पर कीचड़

**कटंगी।** बारिश के मौसम की शुरूआत से ही विधानसभा क्षेत्र कटंगी के एक साथ तीन गांवों के ग्रामीणों का सपना फिर कीचड़ में फंस गया है। ग्राम बिछवा से हीरापुर होते हुए चांदाडोह तक बनने वाली 5.80 किलोमीटर लंबी सड़क को स्वीकृत हुए कई महीने बीत गए। क्षेत्रीय विधायक ने 18 अप्रैल 2026 को धूमधाम से भूमिपूजन भी कर दिया। ठेकेदार ने मशीनें उतारीं, लेकिन जैसे ही काम शुरू हुआ, वन विभाग बीच में आकर खड़ा हो गया। नतीजा यह कि आज भी यह सड़क कच्ची है, और बरसात ने उसे दलदल बना दिया है। 5 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत वाली यह सड़क कागजों पर तो विकास की जीवनरेखा बन चुकी है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि यहां ऊंट के मुंह में जीरा वाली स्थिति है। एक तरफ सरकार सड़क से गांव, गांव से विकास के नारे लगा रही है, दूसरी तरफ विभागों की आपसी खींचतान में आम आदमी पिस रहा है। बिछवा, हीरापुर और चांदाडोह कटंगी विधानसभा के तीन ऐसे गांव हैं जहां पक्की सड़क थी। बरसात में यहां आवागमन लगभग ठप हो जाता था। सालों की मांग के बाद शासन ने आखिरकार 5.20 करोड़ रुपये से इस मार्ग को पक्का करने की स्वीकृति दी। 18 अप्रैल 2026 को स्थानीय विधायक ने बड़े उत्साह के साथ भूमिपूजन किया। मंच से वादे हुए कि शीघ्र ही सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों से स्वागत किया। उन्हें लगा कि अब बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत नहीं होगी, मरीजों को अस्पताल समय पर पहुंचाया जा सकेगा। लेकिन भूमिपूजन के बाद जैसे ही ठेकेदार ने भूमि समतल करने का काम शुरू किया, वन विभाग ने काम रुकवा दिया। कारण बताया गया कि सड़क का कुछ हिस्सा वन भूमि से होकर गुजरता है और उसके लिए एनओसी नहीं ली गई है।

### विभागों की खींचतान एक आंख से रोए, दूसरी से हंसे

ग्रामीणों का सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब सड़क का प्रस्ताव



बना, जब बजट स्वीकृत हुआ, जब भूमिपूजन हुआ, तब वन विभाग कहां था? अब काम शुरू होने के बाद अड़ंगा डालना किस बात का इशारा है? यह सवाल बिछवा के जितेन्द्र पटले पूछते हैं। उनका दर्द जायज है। वे बताते हैं, गांव में अगर किसी महिला को प्रसव पीड़ा हो जाए तो 108 एम्बुलेंस गांव तक नहीं आ पाती। मानसून शुरू होते ही इस कच्ची सड़क की असली हालत सामने आ गई है। बिछवा से हीरापुर के बीच लगभग 3 किलोमीटर का हिस्सा पूरी तरह दलदल बन चुका है। जोगाटोला निवासी सुरेश सलामे अपनी पत्नी के साथ साइकिल से तिरोड़ी जा रहे थे। उन्होंने बताया, साइकिल होते हुए भी हम पैदल चल रहे हैं। कीचड़ इतनी है कि पहिया जाम हो जाता है। पत्नी बार-बार गिरते-गिरते बची। मिरगपुर के दिलीप उइके बाइक से बिछवा जा रहे थे। बीच रास्ते में बाइक फिसल गई। उन्होंने कहा, चांदाडोह और हीरापुर के बीच जगह-जगह गड्ढे हैं। बारिश के बाद तो लगता है जैसे खेत में चल रहे हों। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को है। नितेश उइके बताते हैं, हर दिन बच्चे कीचड़ में गिरते हैं। कपड़े, किताबें सब खराब हो जाती हैं। कई बार तो माता-पिता बच्चों को स्कूल ही नहीं भेजते। महेश साकरे रोजाना लिंगापौनार, बोरीखेड़ा और बिछवा आते-जाते हैं। उनका कहना है, विधायक ने भूमिपूजन किया, फोटो खिंचवाई और चले गए। ठेकेदार कहता है वन विभाग ने रोक दिया। खरखड़ी नाले के आगे से वन विभाग निर्माण कार्य नहीं करने दे रहा है।

### ग्रामीणों के जेहन में कौंध रहे ढेर सवाल-

इस पूरे मामले में सबसे बड़ी चूक समन्वय के अभाव की है। एक तरफ लोक निर्माण विभाग सड़क बनाना चाहता है, दूसरी तरफ वन विभाग हरी झंडी नहीं दे रहा। सवाल यह है कि क्या सड़क का डीपीआर बनाते समय वन भूमि का सर्वे नहीं हुआ था? अगर हुआ था तो एनओसी पहले क्यों नहीं ली गई? भूमिपूजन से पहले सभी विभागों से क्लीयरेंस क्यों नहीं ली गई?' क्या यह सिर्फ लीपापोती थी? 5.20 करोड़ रुपये स्वीकृत करने के बाद भी काम शुरू न होना किसकी जिम्मेदारी है? सरकार हर मंच से डबल इंजन की सरकार, डबल स्पीड से विकास की बात करती है। लेकिन कटंगी की यह सड़क उस दावे की पोल खोल रही है। वन विभाग का काम वन, वन्य प्राणी को बचाना है, लेकिन क्या विकास को पूरी तरह रोक देना समाधान है? क्या सड़क और जंगल के बीच संतुलन नहीं बनाया जा सकता? यह ग्रामीणों के मन में सवाल कौंध रहे है। गांवों में आक्रोश चरम पर है। लोगों का कहना है कि अगर 15 दिन के भीतर कार्य शुरू नहीं हुआ तो वह आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगें। ग्रामीणों का तर्क सीधा है। हम जंगल नहीं काट रहे। हम सिर्फ एक पक्की सड़क मांग रहे हैं ताकि हमारा बच्चा स्कूल जा सके, हमारा मरीज अस्पताल पहुंच सके। बिछवा-हीरापुर-चांदाडोह सड़क सिर्फ 5.80 किलोमीटर का रास्ता नहीं है। यह सैकड़ों ग्रामीणों की उम्मीद, बच्चों का भविष्य और मरीजों की जिंदगी से जुड़ा है। वन विभाग और लोक निर्माण विभाग को आपस में समन्वय से काम करना होगा। वरना जनता का गुस्सा फूटेगा। आज जरूरत है इच्छाशक्ति की। वन विभाग को पर्यावरण और विकास के बीच संतुलन बनाना होगा। पीडब्ल्यूडी को प्रक्रिया में तेजी लानी होगी। और सबसे ऊपर, जनप्रतिनिधियों को भूमिपूजन के बाद फॉलोअप करना होगा।

### इनका कहना है-

वनविभाग से अनुमति मिलने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। कुछ हिस्से में निर्माण कार्य करवाया गया है बारिश का सीजन समाप्त होने के बाद निर्माण करवाया जाएगा।

**कमलेश राणा**
**उपयंत्री लोनिवि**

## मध्यप्रदेश के नये मुख्य सचिव अशोक बर्नवाल से विधायक मधु भगत की सौजन्य भेंट

**बालाघाट।** परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भाउ भगत ने मध्यप्रदेश शासन के नव नियुक्त मुख्य सचिव अशोक बर्नवाल से भोपाल स्थित उनके कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनायें एवं बधाई दी। इस दौरान विधायक ने परसवाडा विधानसभा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए क्षेत्र में चल रही और प्रस्तावित विकास योजनाओं को गति प्रदान करने का आग्रह किया।सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुई इस मुलाकात के दौरान विधायक मधु भाउ भगत ने मुख्य सचिव को परसवाडा विधानसभा क्षेत्र की भौगोलिक एवं सामाजिक परिस्थितियों से अवगत कराया। उन्होने क्षेत्र में सड़क पेयजल, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण अद्योसरंचना तथा अन्य जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिये प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक सहयोग की अपेक्षा भी व्यक्त की।

विधायक भगत ने कहा कि परसवाडा विधानसभा क्षेत्र में अनेक ऐसे विकास कार्य प्रस्तावित है जिनके समयबद्ध क्रियान्वयन से क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होने उम्मीद जताई की मुख्य सचिव के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और लंबित विकास कार्यो में तेजी आयेगी।मुख्य सचिव अशोक बर्नवाल ने विधायक की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि शासन की नीतियों एवं निर्धारित नियमों के अनुरूप विकास कार्यो को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित एवं विकास के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा प्रशासन का प्रयास रहेगा कि पात्र योजनाओं और विकास परियोजनाओं को समय पर स्वीकृति एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाये। उन्होने आश्वस्त किया कि नियमानुसार विकास कार्यो को मूर्त रूप देने में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी।मुलाकात के दौरान दोनों के बीच प्रदेश के समग्र विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में अद्यो संरचनाओं को मजबूत बनाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन जैसे विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। विधायक मधु भगत ने मुख्य सचिव का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनेगी तथा परसवाडा सहित बालाघाट जिले के विकास कार्यो को नई गति मिलेगी।

# जन अभियान परिषद नहीं किया वृक्षारोपण

**( एक पेड़ मां के नाम अभियान)**



**किरनापुर। म. प्र. जनअभियान परिषद ब्लॉक किरनापुर, सेक्टर क्रमांक- 1 हिर्री, विकासखंड किरनापुर में दिनांक 25 जुलाई 2026 को जिला समन्वयक आधिकारी श्री महेश पटले,, श्रीमती रुचिका वैद्य एवं जनपद अध्यक्ष श्री कल्याण सिंह राणा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

वृक्षारोपण कार्यक्रम ('एक पेड़ माँ के नाम' अभियान) के तहत आज स्वैच्छिकता पर्व के अंतर्गत विकासखंड किरनापुर के सेक्टर क्रमांक 1 हिर्री की समिति स्तरीय बैठक की गई। साथ ही नशामुक्ति व स्वैच्छिकता पर्व के तहत शपथ ली गई एवं जिसमें लगभग 20 फलदार पौधे लगाए गए हैं।ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति हिर्री में समिति के सदस्यों से संपर्क किया गया तथा स्वैच्छिकता पर्व के बारे में जानकारी दी गई। 'एक पेड़ माँ के नाम' अंतर्गत हिर्री में आम के पौधे लगाए गए।विशेष रूप से, जनपद अध्यक्ष श्री कल्याण सिंह राणा द्वारा गुरु कृपा पॉलीक्लिनिक परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। तत्पश्चात उन्होंने क्लिनिक में भर्ती मरीजों से सौजन्य मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना तथा सभी को नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए प्रेरित किया।इस विशेष अभियान और बैठक में निम्नलिखित गणमान्य व्यक्तियों ने सक्रिय योगदान दियाः श्री गणेश सोनी ( शिक्षा विभाग ) डॉ. दीपक पटले श्री राजेंद्र पाराशर श्री श्यामू सोनी श्री चितरंजन बंसपाल श्री अरुण पाराशर श्री बी. सी. मंडलवार (नवांकुर प्रभारी ) श्री पंकज मेश्राम श्री तेजलाल पिछोड़े और भी अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति सराहनीय रही।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING | PHARMACY | AGRICULTURE
POLYTECHNIC • D. PHARMACY • B.Sc. (Hons.)Ag.
B.TECH | M.TECH • B. PHARMACY • B.Tech (Agri) Engg.
Part Time/Full Time • M. PHARMACY • M.Sc. (Ag.) AGRONOMY HORTICULTURE
ABM
LAW • B.A. LL.B. • LL.B. • LL.M.
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111